राजभाषा प्रोत्साहन हेतु प्रशिक्षण इकाई (मुख्यालय) द्वारा आयोजित गतिविधि की रिपोर्ट

पत्र क्रमांक अ .शा./अध्यक्ष/एफ.स.12/हि.प्रको./हिंदी गतिविधि/2023/ दिनांक 19.07.2023 के संदर्भ में माननीया अध्यक्ष महोदया द्वारा उल्लेखित एवं निदेशक (प्रशिक्षण) द्वारा निर्देशित किया गया है कि राजभाषा के प्रोत्साहन स्वरुप गतिविधियों को जारी रखते हुए आंतरिक अनुभागों स्तर पर बोर्ड कार्मिको में हिन्दी के पठन पाठन को बढ़ावा देने के उदेश्य से प्रत्येक माह कम से कम एक सामूहिक गतिविधि का आयोजन करे ताकि राजभाषा हिंदी के प्रति कर्मचारियों में और जागरूकता आए और रूचि बढ़े|

हिंदी कार्यान्वयन के विभिन पहलुओं पर कार्य करने की दिशा में अगले कदम के अंतर्गत प्रशिक्षण इकाई (मुख्यालय) द्वारा '**कहानी सुनाना**' प्रतियोगिता का आयोजन 27.09.2023 (बुधवार) को किया गया !

इस कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती मीनाक्षी डंग (सहायक सचिव) द्वारा किया गया| कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफी श्रीमती ऋतु भारद्वाज, अधीक्षक द्वारा की गई एवं कार्य समन्वय श्रीमती सुदेश गुलिया (अवर सचिव, सू० प्रौ०) द्वारा किया गया|

प्रशिक्षण इकाई के निम्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने '**कहानी सुनाना**' प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया :-

<u>**क्रं.सं.**</u>	<u>**प्रतिभागी एवं पदनाम**</u>
1.	श्रीमती रमा रघुराम, सलाहकार, प्रशिक्षण इकाई (मुख्यालय)
2.	श्री प्रवीन गुप्ता (निजी सहायक)
3.	श्रीमती. बिमलेश (कनिष्ठ लेख अधिकारी)
4	श्रीमती निशा रानी (कनिष्ठ सहायक)
5.	श्री राजकुमार (एम.टी.एस.)

इस कार्यक्रम के निर्णायक श्री संजीव श्रीवास्तव, अवर सचिव प्रशिक्षण इकाई (मुख्यालय) के द्वारा '**कहानी सुनाना**' प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया गया गया| '**कहानी सुनाना**' प्रतियोगिता के विजेताओ की घोषणा की गई जिनके नाम इस प्रकार है:

1. श्रीमती. बिमलेश (कनिष्ठ लेख अधिकारी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया
2. श्रीमती रमा रघुराम, सलाहकार, प्रशिक्षण इकाई (मुख्यालय) तथा श्रीमती निशा रानी (कनिष्ठ सहायक) ने द्वितीया स्थान प्राप्त किया
3. श्री प्रवीन (निजी सहायक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया
4. श्री राजकुमार(एम.टी.एस.) ने सान्तवना पुरस्कार प्राप्त किया

इन आयोजित गतिविधियों का लिंक /विडिओ/बाइट आदि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट के राजभाषा टैब में अपलोड किए जाएंगे, अतः आदेशानुसार इस प्रतियोगिता 'कहानी सुनाना' कार्यक्रम की विडिओग्राफी और फोटोग्राफी की गई, जिसमे से कुछ तस्वीरें रिपोर्ट स्थानीय संदर्भ के साथ संलग्न हैं|

यदि सहमति हो तो, हिंदी शाखा , मुख्यालय से इन तस्वीरों को वेबसाईट के राजभाषा टैब में अपलोड करने के लिए निवेदन किया जा सकता है|

अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है|

मीनाक्षी 29/9/2023

मीनाक्षी डंग
(सहायक सचिव)

सुदेश गुलिया 29/9/2023

सुदेश गुलिया
(अवर सचिव, सू० प्रौ०)